Headline: NSE to unroll liquidity growth schemes in Sept	
Source: Virat Vaibhav	**Date:** 01 September 2015

ईटीएफ प्रतिभूतियों का कारोबार बढ़ाने का उपाय 15 सितंबर से

मुंबई, भाषा। एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों (ईटीएफ) के प्रतिभूतियों की में क्रय-बिक्रय को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी शेयर बाजार- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने 15 सितंबर से मुद्रा बाजार प्रतिभूतियों आधारित ईटीएफ के लिए 15 सितंबर से कारोबार प्रोत्साहन के नए उपाय करने का निर्णय किया है।

इन उपायों के तहत पात्र बाजार प्रतिभागियों को ऋण बाजार पर आधारित ईटीएफ प्रतिभूतियों पर आधारित ईटीएफ के संबंध में एक खास महीने में खरीब-बिक्री पर लेनदेन शुल्क की अदायगी से पूरी तरह छूट मिलेगी।

साथ ही एनएसई शेयरों पर आधारित ईटीएफ प्रतिभूतियों (यूनिटोंड्ढ के बाजार में लेन-देन तेज करने की योजना भी शुरू करेगा। 28 अगस्त को जारी दो अलग-अलग सर्कुलरों में एक्सचेंज ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य ईटीएफ में निवेशकों की भागीदारी को प्रोत्साहन देना है।

ये योजनाएं 15 सितंबर से 31 मार्च तक लागू रहेंगी और कुछ दायित्व स्वीकार करने वाले सभी बाजार प्रतिभागियों को लिए सुलभ होंगी। प्रोत्साहनों का निपटारा मासिक आधार पर किया जाएगा। ■